तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज रामधन बनाम नन्दा व अन्य अपील जीसीएमएस नम्बर 2024/514	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.07.2025	पत्रावली प्रार्थना पत्र विड्रो एवं तलब पेश होने पर आज प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र बाबत विड्रो प्रस्तुत करने पर बहस सुनी गई। वकील अपीलार्थी ने प्रार्थना पत्र विड्रो करने के तथ्य को दोहराते हुए कथन किया है कि उपरोक्त उनवानी प्रकरण में तहसीलदार सांगानेर द्वारा पक्षकारों को सुनकर जांच पूर्ण कर विधिवत् निर्णय पारित किया जा चुका है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी उपरोक्त उनवानी अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है तथा पत्रावली का निस्तारण करवाना चाहते है। प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उपरोक्त उनवानी अपील को आज ही विड्रो किये जाने की अनुमति प्रदान कर अपील को इसी स्तर पर निस्तारित कर खारिज करने की कृपा करें। हमने अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि अपीलांट द्वारा स्वयं ही अपनी अपील आगे नहीं चलाना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर शुदा आधार कार्ड प्रस्तुत किया गया एवं वकील अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षर तस्दीक किया गया। अतः अपीलार्थी का प्रा. पत्र विड्रो स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीया स्वयं अपील विड्रो किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (पूनम) संभागीय आयुक्त जयपुर	